प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों में भाजपा की जीत को रक्षा राज्य मंत्री ने बताया ऐतिहासिक, कहा– भयमुक्त शासन की गारंटी।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ओलचिकि लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, श्री मुर्मु के योगदान को बताया ऐतिहासिक।
3. रांची में कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट्स पर कार्यशाला का आयोजन, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के साथ स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर पर चर्चा।
4. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड को डिजिटल नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में किया गया सम्मानित।
5. रांची में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता संपन्न, नटराज योग संस्थान अव्वल।

**********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह जनादेश महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर जनता की भावनाओं को दर्शाता है।

**********************

पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद चतरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यह विजय देश की जनता के विकास, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व पर अटूट विश्वास का प्रमाण है।

**********************

पश्चिम बंगाल में मिली राजनीतिक सफलता के बाद जमशेदपुर में भी जश्न का माहौल देखा जा रहा है। इसी क्रम में जमशेदपुर की विधायक पूर्णिमा साहू ने एग्रिको स्थित अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खुशी साझा की। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक अंदाज में झालमुड़ी का वितरण किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ओलचिकी लिपि के जनक एवं प्रख्यात संथाली साहित्यकार पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित रघुनाथ मुर्मू का योगदान आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति और पहचान को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक प्रयास है। उन्होंने उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**********************

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों की रणनीति दस्तावेजों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय सामान्य बीमा निगम और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मध्यम और दीर्घ अवधि के दृष्टिकोण पर विस्तृत चर्चा की गई।

**********************

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आज रांची में "फर्स्ट स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन वर्कशॉप फॉर डेवलपिंग कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट्स" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि इन परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के साथ–साथ स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हो सकते हैं।

इस दौरान कार्बन क्रेडिट की अवधारणा, इसके आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ तथा झारखंड के वन संसाधनों के आधार पर ऐसे प्रोजेक्ट्स के विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

*********************

आदिवासी जन परिषद के रांची जिला कमेटी और रांची महानगर महिला मोर्चा द्वारा आज संयुक्त रूप से कमेटी विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान रांची जिला अध्यक्ष और रांची महानगर कमेटी के अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

*********************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड को डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने यह पुरस्कार आज अजय कुमार सिंह को नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त कार्यालय में समर्पित किया। यह पुरस्कार चंडीगढ़ में 30 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित 10वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में दिया गया। सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किया गया था। सम्मेलन में झारखंड को डिजिटल नवाचारों के तहत  टॉक और ट्रैक–'मोबाइल एप्लीकेशन के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समुदाय आधारित शिशु देखभाल के नये मॉडल को भी सराहना मिली है।

*********************

पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने न्यास बोर्ड पर लाखों रुपये के गबन के आरोप लगाए हैं। "भोले की फौज" के बैनर तले हुए विरोध प्रदर्शन में  पहाड़ी मंदिर कमेटी के भैरो सिंह ने करीब 14 लाख रुपये के कथित गबन की जांच और हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की है।

वहीं, नई गठित समिति ने पूर्व प्रबंधन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर मंदिर प्रबंधन से झारखंड न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ने पारदर्शिता और जांच की मांग की है।

*********************

गिरिडीह जिले में आज भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के शिकाार तीनों बिरनी थाना क्षेत्र के जितकुंडी गांव के निवासी थे और मजदूरी के लिए माखमरगो जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे वाहन ने उन्हें कुचल दिया।

*********************

हजारीबाग के उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय कक्ष में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और डीसी कोर्ट में लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित वादों के निष्पादन का निर्देश दिया।

*********************

भारतीय पत्रकारों को प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आनंद आर.के, सुपर्णा शर्मा और नतालिए ओबिको पिअर्सन को इल्लस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इन पत्रकारों ने ब्लूमबर्ग के लिए साइबर अपराध का पर्दाफाश करने वाली चित्र आधारित रिपोर्टिंग परियोजना तैयार की थी।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज दोपहर के कारोबार में शून्य दशमलव आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 654 अंक फिसलकर 76 हजार 615 पर जबकि निफ्टी 202 अंक लुढ़ककर 23 हजार 917 पर था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 52 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

रांची जिला योगासन खेल संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय सातवीं जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में नटराज योग संस्थान ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि योगा जीनियस दूसरे और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योगा तीसरे स्थान पर रहा।

इसमें विभिन्न विद्यालयों के करीब 320 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

*****************